Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE -020:25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn. 487

## प्रेस विज्ञप्ति

# श्री आशीष पाण्डेय ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक का पद संभाला



**पुणे, 31 दिसंबर, 2021:** श्री आशीष पाण्डेय ने दिनांक 31 दिसंबर, 2021 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कार्यग्रहण करने से पूर्व श्री आशीष पाण्डेय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) में मुख्य महाप्रबंधक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) थे। श्री आशीष पाण्डेय के पास 24 वर्षों से अधिक का विकासोन्मुख प्रोफेशनल करियर है, जिसमें उन्होंने क्रेडिट, ऋण निगरानी, ट्रेजरी एवं मर्चेंट बैंकिंग, विदेशी संव्यवहार एवं संयुक्त उद्‌यम, विपणन एवं ग्राहक संबंध तथा बैंकिंग परिचालन जैसे विभिन्न पोर्टफोलियो को संभाला है।

श्री आशीष पाण्डेय एक मैकेनिकल इंजीनियर (ऑनर्स) हैं, जिन्होंने वित्त एवं विपणन में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन (ऑनर्स) में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। वे इंडियन इंन्स्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोशिएट हैं, साथ ही, उनके पास डीमैट परिचालन, म्यूचुअल फंड तथा बीमा (लाइफ एण्ड नॉन लाइफ दोनों) का एनएससी प्रमाणन भी है। वे आईआईएम, बेंगलूरू के एल्यूमिनस हैं और उन्होंने एक्जीक्यूटिव लीडरशिप कोर्स भी किया है। श्री पाण्डेय ने कॉर्पोरेशन बैंक की औद्‌योगिक वित्त शाखा और निवेश एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग, मुंबई से अपने बैंकिंग करियर की शुरूआत की।

श्री पाण्डेय ने यूबीआई के मुख्य महाप्रबंधक एवं सीओओ के रूप में समामेलित इकाई की चुनौतीपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया, जिसके दौरान डिजिटाइजेशन, ऑटोमेशन, हारमोनाइजेशन और री-इंजीनियरिंग की विभिन्न प्रक्रियाएं संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त, श्री पाण्डेय ने यूबीआई की अभिनव टेक्नोलोजिकल संकल्पना यथा- वाट्सएप बैंकिंग, ई-नॉमिनेशन, ऑनलाइन मृत्यु दावा निपटान पोर्टल, चेकबुक ट्रैकिंग, चर्न मॉडल (कासा डोरमेन्सी के लिए भावी विश्लेषण), वीडियो केवाईसी, विभिन्न परिचालन प्रक्रियाओं में रोबोटिक प्रक्रिया ऑटोमेशन, डोर स्टेप बैंकिंग का कार्यान्वयन, डिजिटल दस्तावेज निष्पादन, डिजि कनेक्ट शाखाएं (डिजिटल एवं कैशलेस), माई डायरी पोर्टल (सभी आवश्यक डाटा के लिए बैंक का इंट्रानेट

पोर्टल), पॉजिटिव पे प्रणाली, ऑटोमेटेड 360 डिग्री खाता विवरण के अतिरिक्त कई अन्य कार्यान्वयन दल का नेतृत्व किया।

श्री पाण्डेय ने यूबीआई के ऋण निगरानी एवं पुनर्संरचना विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य किया। इस दौरान विभिन्न अभिनव टूल यथा भावी मॉडलिंग, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन और मशीन

लर्निंग, डाटा विश्लेषक के अभिनियोजन द्वारा विभाग ने बैंक ऋण पोर्टफोलियो की निगरानी एवं प्रबंधन के मामले में संपूर्ण कायाकल्प किया।

श्री पाण्डेय ने यूबीआई के क्षेत्रीय प्रमुख (उप महाप्रबंधक), जयपुर के रूप में राजस्थान राज्य का नेतृत्व किया और सभी व्यवसायों को सर्वांगीण निष्पादन के साथ पूरा किया। पहले वे यूबीआई के अध्यक्ष सचिवालय के प्रमुख थे। उन्होंने सरल (स्पेशियलाइज्ड क्रेडिट प्रोसेससिंग सेल) का नेतृत्व भी किया। इससे पहले उन्होंने बैंक की औद्योगिक वित्त शाखा, मुंबई में भी कार्य किया। अपने करियर के प्रारंभिक वर्षों के दौरान वह उस टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर थे, जिसने यूबीआई के बैंक बीमा और म्यूचुअल फंड व्यवसाय की स्थापना की।

वह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ आईबीए द्वारा गठित पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में नामित निदेशक भी हैं।